लखनऊ
सोमवार, 11 मार्च 2024
वर्षः-08 अंकः-33
पृष्ठः-8 मूल्यः- 2 रुपये
RNI- UPHIN/2016/74800

हिन्दी साप्ताहिक
नई सोच, नया जुनून.....
# करण वाणी



# पीएम मोदी ने दी करोड़ों की सौगात, बोले-
# आज आजमगढ़ का सितारा चमक रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के मंदूरी हवाई अड्डा परिसर में 34,700 करोड़ रुपये की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया. इनमें आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ के हवाई अड्डा तथा चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण शामिल है।



करण वाणी, न्यूज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के मंदूरी हवाई अड्डा परिसर में 34,700 करोड़ रुपये की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया. इनमें आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ के हवाई अड्डा तथा चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण शामिल है।

इसके अलावा उन्होंने महाराजा सुहेलदेव राज्य, विश्वविद्यालय, आजमगढ़ का भी लोकार्पण किया. इन परियोजनाओं में रेल और सड़क मार्ग समेत कई अन्य परियोजनाएं भी शामिल हैं. इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**'विकसित भारत बनाने के लिए दौड़ रहा हूं'**

इस दौरान पीएम मोदी ने लोगों को भी संबोधित किया. उन्होंने पूर्ववर्ती विपक्षी दलों की सरकारों पर करारा प्रहार करते हुए कहा, आज विकास की मेरी अनंत यात्रा का अभियान है और मैं 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने के लिए दौड़ रहा हूं और देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं. आज आजमगढ़ का सितारा चमक रहा है. एक जमाना था जब दिल्ली से कोई कार्यक्रम हो और देश के अन्य राज्य उसके साथ जुड़ते थे और आज आजमगढ़ में कार्यक्रम हो रहा है और देश के अलग-अलग हिस्सों से हजारों लोग हमारे साथ जुड़े हैं।

**10 वर्षों में पूर्वांचल ने विकास की राजनीति देखी**

उन्होंने कहा, "आपका प्यार और आजमगढ़ का विकास जातिवाद, वंशवाद और वोट बैंक पर निर्भर क्छउक्र गठबंधन की नींद उड़ा रहा है. दशकों तक पूर्वांचल ने जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति देखी. पिछले 10 वर्षों में इस क्षेत्र ने विकास की राजनीति भी देखी है. सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 7 वर्षों में इसमें तेजी आई है. लोगों ने 'माफिया राज' और उग्रवाद के खतरे भी देखे हैं और अब, वे कानून का शासन भी देख रहे हैं।



# लखनऊ के हनुमत धाम में गोमती गौरव यात्रा की बनी कार्य योजना

## लोकसभा चुनाव के पश्चात महंत देव्या गिरी व महंत गोमती बाबा के नेतृत्व में लखनऊ में निकलेगी यात्रा

**करण वाणी, न्यूज**

लखनऊ। सनातन धर्म को मानने वाले लोग जिस गोमती नदी को मां कहते हैं, बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि आज भी नदियों को स्वच्छबनाए रखने के लिए शासन स्तर से तमाम योजनाएं तो चलती हैं लेकिन धरातल में वो योजना कितना पहुंची है। उसका अंदाजा आप गोमती नदी के जल से ही लगा सकते हैं। फोटो खिंचाने के लिए साफझसफाई के कार्यक्रम तो बहुत होते हैं लेकिन उसके बाद जमीनी हकीकत कुछ और ही होती है।

लखनऊ में लोकसभा चुनाव के उपरांत दो दिवसीय गोमती गौरव यात्रा प्रस्तावित की गई है, जो कि मनकामेश्वर घाट से शुरू होगी और बीकेटी के मंझी स्थित कठवारा घाट, मां चंद्रिका घाट, राम घाट, कोलवा घाट, रैथा घाट, घैला घाट, गऊ घाट, कुड़िया घाट, नारदानंद आश्रम घाट, हनुमत धाम घाट समेत लखनऊ के प्रमुख घाटों से होते हुए दूसरे दिन ड्रीम वैली में समापन कार्यक्रम होगा। यात्राका उद्देश्य जनझजन को जागरूक करना है। इसी सम्बन्ध में शनिवार को हनुमत धाम में एक महत्वपूर्ण बैठक की सम्पन्न हुई है। इससेपहले भी गोमती नदी को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त करने के लिए लोक भारती द्वारा दो यात्राएं भी निकाली गई हैं लेकिन अभी तक उद्देश्य की पूर्ण प्राप्ति नहीं हो पाई है।

**मन में अतिक्रमण मुक्त और स्वच्छ गोमती की अभिलाषा**

लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर की पूज्य महंत देव्या गिरी जी ने गोमती गौरव यात्राझ को लेकर प्रसन्नता जाहिर किया है। उन्होंने कहा है कि यह लखनऊ के साथ साथ पूरे देशवासियों के लिए दुःख की बात है कि मां गोमती को भी लोगों ने नहीं छोड़ा । यात्रा निकालने का मकसद ही लोगों को जागरूक करना और नदी में फैले अतिक्रमण को खत्म करवाना और नदी के जल को स्वच्छता से परिपूर्ण करना। जिससे उस जल से सभी आचमन कर सकें और शायद तभी मन को शांति भी मिलेगी।

**गोमती नदी बैठकों से नहीं जागरूकता से स्वच्छ होगी**

गोमती गौरव यात्रा के सम्बन्ध में बैठक को सम्बोधित करते हुए हनुमत धाम के पूज्य महंत गोमती बाबा जी महराज ने कहा कि इससेपहले भी हमने बहुत बैठकें किया, लिखापढ़ी भी बहुत किया। लेकिन जो हम लोग चाहते हैं, उस उद्देश्य की पूर्ति अभी तक नहीं हो पाई है। कहीं न कहीं हम लोगों के लिए यह बड़ी शर्म की बात है, आज भी गोमती नदी में स्वच्छ जल नहीं है और घाटों पर भी गंदगी फैली हुई है, इसके लिए लोगों को जागरूक करना पड़ेगा। तभी इसका निराकरण हो पाएगा।



**लोक भारती के कार्य जाति, धर्म और राजनीति से हटकर**

लोक भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बृजेन्द्र पाल जी ने बताया कि हमारा संगठन जाति, धर्म और राजनीति से हटकर काम करती है।उन्होंने बताया कि पिछली सरकारों में भी गोमती नदी के उत्थान के लिए हमने न सिर्फ प्रयास किए बल्कि उन सरकारों के सहयोग से गोमती मित्र मंडल की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें कृषि उत्पादन आयुक्त से लेकर सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी गोमती मित्र मंडल समेत प्रदेश मुख्यालय में उपस्थित हुए थे। तब से लेकर लोक भारती लगातार प्रयासरत तो हैं लेकिन शायद रिजल्ट से अभी भी बहुत दूर हैं।

लोक भारती के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय जी ने गोमती गौरव यात्रा की तैयारियों के सम्बन्ध में योजना बनाते हुए कहा हैकि मां गोमती के आस्तित्व के मद्देनजर आगामी लोकसभा चुनाव के ठीक बाद हमें जागरूकता यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा काउद्देश्य जनझजन तक जागरूकता फैलाना है, जब लोग जागरूक होंगे और तो स्वतः इस अभियान से जुड़ेंगे और इसके बाद सरकार को भी कभी न कभी इस तरफ गौर करना ही पड़ेगा।

**लखनऊ के गऊ घाट और घैला घाट में चलाया जा रहा सफाई अभियान**

गोमती अभियान के महानगर संयोजक और झगोमती गौरव यात्राझ के संयोजक अनिल सिंह के नेतृत्व में गोमती नदी के गऊ घाट में शची सिंह के नेतृत्व में लोक भारती के 50-60 कार्यकताओं ने सफाई अभियान शुरू किया था। जिसके फल स्वरुप वहां पर तत्कालीन वनमंत्री से लेकर मुख्य सचिव तक के कानों में आवाज गई और आज वहां का नजारा यह है कि प्रतिदिन 250-300 लोग गऊ घाट मेंटहलने के लिए आते हैं। ऐसा ही सफाई अभियान का कार्य वर्तमान में घैला घाट में भी लोक भारती की लखनऊ महानगर के उत्तर भागकी संयोजिका शिखा सिंह जी के नेतृत्व में आज भी चल रहा है।

# नेशनल सोलर व ईवी एक्सपो में एंडस्लाइट सोलर एनर्जी ने अपने उत्पादों का किया प्रदर्शन

## इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 7 मार्च से 9 मार्च तक चलने वाली तीन दिवसीय नेशनल सोलर एवं ई वी एक्सपो में विभिन्न कंपनियों ने अपने सोलर से जुड़े उत्पादों का प्रदर्शन किया।

**करण वाणी, न्यूज**

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 7 मार्च से 9 मार्च तक चलने वाली तीन दिवसीय नेशनल सोलर एवं ई वी एक्सपो 2024 में विभिन्न कंपनियों ने अपने सोलर से जुड़े उत्पादों का प्रदर्शन किया। इसी श्रृंखला के अंतर्गत एंडस्लाइट सोलर एनर्जी ने अपनेविशिष्ट प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता को सभी को बताया, कंपनी के मार्केटिंग हेड रमेश चंद्र देवतला ने बताया कि लखनऊ में यह अपनी तरहका एक विशिष्ट एक्सपो है, जिसमें सुबह से ही हमारे स्टॉल पर लोगों की भीड़ उमड़ी हुई है, जहां लोगों में खास तौर पर हमारे प्रॉडक्ट्स को लेकर उत्साह और कौतुहल देखने को मिला रहा है, हमारे प्रोडक्ट्स में खास डिमांड एल इ डी रिचार्जेबल लैंप, एल इ डी रिचार्जेबलटॉर्च, सोलर पैनल की जानकारी को लेकर लोग ज्यादा उत्साह हैं, हमारे उत्पादों में खास तौर पर आर एस एल टू स्टडी लैंप, तेजस टॉर्चजिसकी रेंज 2 किलोमीटर, सोलर पंखा मॉस्किटो रैकेट, डीसी बल्ब एवं ट्यूबलाइट की डिमांड ज्यादा है, इसके साथ ही लोग हमारे स्टॉल में इन प्रोडक्ट को बल्क में खरीदने के विषय में और साथ ही डिस्ट्रीब्यूटरशिप लेने की जानकारी ज्यादा प्राप्त कर रहे हैं।




मार्केटिंग हेड रमेश चंद्र देवतला एवं ब्रांच मैनेजर जितेंद्र कुमार ने बताया कि सन 2000 में हमने इस कंपनी की स्थापना की थी, कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हरिद्वार एवं कॉरपोरेट ऑफिस दिल्ली में है, साथ ही उन्होंने बताया की विभिन्न शहरों में कम्पनी का डिस्ट्रीब्यूटर नेटवर्क भी है, हमे ही एल इ डी टॉर्च लाइट के जन्मदाता के रूप शुरुआत से जाना जाता है और हमारी कंपनी भारत के बाहर भी कुछ देशों में अपने उत्पादों को निर्यात करती है, अपनी भविष्य की योजनाओं को लेकर मार्केटिंग हेड ने बताया कि हम आगे सोलर पावर प्लांट को भी अपनी नए सेगमेंट में ऐड करने पर विचार बना रहे हैं ।

# परिवहन मंत्री ने तीन सौ करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण

## बलिया में आधुनिक बस अड्डा परियोजना का भी शिलान्यास

करण वाणी, न्यूज

**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शनिवार को रोडवेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लगभग तीन सौ करोड़ की विभिन्नपरियोजनाओं का लोकार्पणझ्रशिलान्यास किया। बलिया मुख्यालय पर बनने वाले आधुनिक बस अड्डे के साथ उजियार घाट पर भी बसअड्डा एवं लोक निर्माण विभाग की 72.86 करोड़ की लागत से बनने वाली कुल 80 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें टेकारबन्धे से मुक्तिधाम मार्ग व जमुआ रिंग बन्धा से धरीक्षण दास की कुटिया मार्ग पर पुलिया भी शामिल है। नगर विकास विभाग की भी17.60 करोड़ के 65 कार्यों का शिलान्यास तथा 6.38 करोड की 32 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

परिवहन मंत्री ने कहा कि बलिया नगर की जनता ने मुझे पांच साल दिया है। इन पांच वर्षों में हर वह काम करके दिखाऊंगा, जो चुनाव से पहले वादा किया था। एसटीपी का निर्माण भी रूका था, अब वह भी तेजी से बनेगा। नगर का सीवरेज सिस्टम दुरूस्त होगा। हर घर शुद्ध पेयजल की सप्लाई होगी। उन्होंने कहा कि चुनावे वादे के लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके हैं। मेडिकल कॉलेज व कटहल नाला के सुन्दीकरण का भी शिलान्यास जल्द ही मुख्यमंत्री जी से कराऊंगा।

**हर गांव में जाएगी रोजवेज बस**

परिवहन मंत्री ने कहा, हमारी योजना है कि प्रदेश के हर गांव में रोडवेज की बसें जाएंगी। जिस गांव से बस चलेगी, उसी गांव के ड्राईवर कंटक्टर उस पर तैनात होंगे, जो प्रतिदिन गांव से मुख्यालय पर आने के बाद वापस अपने गांव चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोडवेज के 1600 नये रूट चिन्हित किये गये हैं, जहां 25 हजार नई बसें चलाई जाएंगी। दस हजार बसों की खरीद हो गयी है, जो जल्द ही बन कर तैयार होकर रूट पर होंगी।

**मल्टीस्टोरेज बिल्डिंग में ऊपरी तल होगा मॉल**

परिवहन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी जी जब बलिया आए थे तो मुझसे कहा था कि यहाँ आधुनिक बस अड्डा होना चाहिए। उनके निर्देश के अनुपालन में आज 48 करोड़ की लागत से बनने की शुरूआत हो गई। यह मल्टीस्टोरेज बिल्डिंग होगी, जिसमें ऊपरी तल व्यावसायिक होगी। इसकी खूबसूरती देखने लायक होगी। उजियार से कभी कई प्रदेशों में बसें जाती थीं। काफी दिनों से वह बंद पड़ाथा, जिसे पाँच करोड़ की लागत से निर्माण शुरू कराया जाएगा। वहाँ एक अतिथि गृह भी बनेगा। पीपीपी मॉडल पर रसड़ा व बेलथरा रोड बस अड्डा को भी सुंदर बनाया जाएगा, जिसमें ऊपरी तल मॉल के रूप में होगा।

**बलिया में बनेगा आईएसबीटी**

परिवहन मंत्री ने कहा कि अंतर्राज्यीय बस अड्डा (आईएसबीटी) भी बनाया जाएगा, जिसके लिये ज़िलाधिकारी ने जमीन देने की




सहमतिदे दी है। इसके बनने के बाद कई प्रांतों से बसें बलिया आएगी। इसके अलावा रायबरेली के बाद दूसरा ऑटोमैटिक ट्रेनिंग एंड रिसर्चसेंटर बलिया में बनेगा। बहुत जल्द इसकी भी शुरूआत होगी। इससे ड्राइवर पूर्ण रूप से ट्रेंड होंगे, उन्हें रोजगार मिलेगा और दुर्घटनाओं पर भी विराम लगेगा। मेरी इच्छा है कि परिवहन विभाग की हर बेहतर सेवा बलिया को भी मिले। उन्होंने कहा कि बलिया में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क के क्षेत्र में तमाम विकास कार्य हुए। जनपद में फोरझ्रलेन सड़क चारों तरफ होगी। मुख्य सचिव भी बलिया के पढ़े हैं औरवह भी यहाँ के विकास के लिए तत्पर हैं। बजट में मुख्यमंत्री जी ने मेडिकल कॉलेज को शामिल किया है, जल्द ही शिलान्यास होगा।

**बलिया को मिलेगी रोडवेज की सभी बेहतर सुविधाएं: एमडी**

उप्र परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने कहा कि परिवहन मंत्री जी का बलिया के विकास पर विशेष फोकस है। प्रदेश का अंतिम जिला होने के नाते यहां रोडवेज की हर सुविधा पहुंचाने पर हम सबका ध्यान रहेगा। एमडी ने कहा कि यहाँ बस स्टैंड ऐसा बन रहाहै जो प्रदेश में कम ही जगहों पर होगा। इससे यहाँ के किसानों, व्यापारियों व पूरे जनपद वासियों को लाभ मिलेगा। वीरों की इस ऐतिहासिक धरती पर यह आधुनिक बस अड्डा विकास की नई गाथा लिखेगा।

**बलिया के विकास को मिलेगी गति**

विशेष सचिव (परिवहन) केपी सिंह ने कहा कि बलिया से मेरा पुराना नाता रहा है। सौभाग्य है कि यहाँ विकास कार्य में पहले एसडीएमव एडीएम के रूप में, और अब परिवहन विभाग में कार्यरत होने के नाते यहां के विकास में भागीदारी का मौका मिला है। परिवहन मंत्री की गतिशीलता और विभाग की बेहतरी के लिए तत्परता की तारीफ लेते हुए कहा कि यह बस अड्डा बलिया के विकास को गति प्रदान करेगा।

**बलिया की पहचान होगा यह बस अड्डा: डीएम**

डीएम रवींद्र कुमार ने कहा कि यहाँ बनने वाला मॉडल बस स्टेशन निश्चित रूप से इस जनपद की पहचान बनेगी। इसके लिए परिवहन मंत्री जनपद की ओर से बधाई के पात्र हैं। हम सबका प्रयास है कि बलिया हर आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण हो जाए। वाहन ट्रेनिंग सेंटर भी बनाने के लिए भी कार्यवाही जारी है। जल्द ही ज़िले में एक बाढ़ स्थल बनेगा, जहां बाढ़ के समय विस्थापित काफी लोग एक साथ रह सकेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय यादव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू, नपा अध्यक्ष संत कुमार गुप्ता सहित अन्य अतिथि मौजूद थे।

# ग्राम सभा की भूमि पर लगेंगे उद्योग, गांवों में मिलेगा रोजगार

## यूपी के ग्रामीण इलाकों में फैक्टरी लगाने को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके तहत भूमि आवंटन में संबंधित ब्लॉक के उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

करण वाणी, न्यूज

ग्रामीण इलाकों में उद्योग लगाने के लिए ग्राम सभा की जमीनों का अधिग्रहण किया जाएगा। ग्राम सभा की पांच एकड़ या इससे अधिक जमीन चिह्नित कर उद्योग निदेशालय को मुफ्त में दी जाएगी। इन जमीनों को मिनी इंडस्ट्रियल एरिया की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। उद्यमियों को जमीन का आवंटन संबंधित जिले के सर्किल रेट से होगा। जिस गांव की जमीन अधिग्रहीत की जाएगी, प्राथमिकता के आधार पर उस ब्लॉक के उद्यमियों को पहले जमीन दी जाएगी।

गांव से पलायन रोकने के लिए ग्रामीण इलाकों को ही उद्योगों से लैस करने की योजना बनाई गई है। गांव-गांव में इंडस्ट्री के तहत इसका खाका तैयार किया गया है। इससे एक तरफ एमएसएमई इकाइयों को शहरों की तुलना में सस्ते दाम पर जमीन मिलेगी तो दूसरी तरफ ग्रामीणों को अपने ही गांव के आसपास रोजगार मिल सकेगा। इसके तहत ग्रामीण इलाकों में ग्राम सभा की जमीन को लघु औद्योगिक आस्थान



(मिनी इंडस्ट्रियल क्लस्टर) के रूप में विकसित किया जाएगा। कम से कम पांच एकड़ जमीन पर क्लस्टर बसाए जाएंगे। राजस्व विभाग ग्राम सभा की जमीन एमएसएमई विभाग को उपलब्ध कराएगा।

# बसपा, जदयू और भाजपा के कई नेता सपा में हुए शामिल

**सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने खुलासा किया कि समाजवादी पार्टी को इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से एक बार ढाई करोड़ रुपये मिले। ऐसी ही कुछ राशि एक अन्य बार भी मिली। भाजपा को भी इस बारे में खुलासा करना चाहिए।**



करण वाणी, न्यूज

प्रदेश सपा मुख्यालय पर शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में भाजपा, जदयू और बसपा के कई नेताओं ने समाजवादी पार्टी ज्वॉइन की। जनता दल यूनाइटेड के नेता एवं पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, औरैया के पूर्व विधायक मदन गौतम, पूर्व सांसद भालचंद्र यादव के पुत्र सुबोध यादव, बीएसपी से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी इलियास अंसारी, पूर्व मंत्री शाकिर अली के पुत्र परवेज अली, हरदोई के बसपा नेता तिलक चंद्र वर्मा ने पार्टी की सदस्यता ली।

रालोद के वरिष्ठ नेता लतेश बिधूड़ी, भाजपा नेता डॉ. सीताराम राजपूत, कमलेश कुमार गौतम और अजीतमल ने अपने समर्थकों समेत सपा की सदस्यता ली। इस मौके पर पत्रकार वार्ता में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए सीबीआई और ईडी पर बड़ा निशाना साधा। कहा कि कुछ संस्थाएं हमेशा के लिए खत्म कर देनी चाहिए। जैसे नेताजी (मुलायम सिंह यादव) ने चुंगी समाप्त की थी। सीबीआई और ईडी की भूमिका पर सवाल उठाते हुए अखिलेश ने कहा कि ये एजेंसियां सरकार के इशारे पर फंसाने का काम करती हैं। कहा कि 10 साल से ज्यादा हिटलर का भी शासन नहीं रहा था, मौजूदा सरकार भी जाने वाली है। उन्होंने कहा कि यूपी के लोग स्वागत भी अच्छा करते हैं और विदाई भी अच्छी करते हैं। इस सरकार की विदाई का वक्त भी आ गया है। अखिलेश ने नारा दिया कि ह्यभाजपा हटाओ-नौकरी पाओ, 80 हराओ-एमएसपी पाओह्व। कहा कि विधान परिषद प्रत्याशियों और लोकसभा प्रत्याशियों की सपा की अगली सूची जल्द जारी हो जाएगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज, अरविंद सिंह गोप, राजेंद्र चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, अम्बिका चौधरी, यासर शाह आदि प्रमुख नेता उपस्थित रहे।

**ब्रजभूषण सिंह मेरे संपर्क में नहीं**

कैसरगंज से भाजपा सांसद ब्रजभूषण सिंह को सपा से टिकट देने के सवाल पर अखिलेश ने कहा कि आप लोग (संवाददाता) कह रहे हो तो टिकट दे देंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या ब्रजभूषण आपके संपर्क में हैं, उन्होंने कहा कि ब्रजभूषण सिंह मेरे संपर्क में नहीं हैं। सपा अध्यक्ष ने दिल्ली की घटना पर कहा कि मैंने तस्वीर नहीं देखी, लेकिन यह सम्मान, आजादी, संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। कहा कि अल्पसंख्यकों को सभी को पसंद करना चाहिए, कमजोर के साथ सभी को खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण सड़कों में गड्ढे हो रहे हैं। एक अंग्रेजी समाचार पत्र ने भी यह लिखा है कि भ्रष्टाचार के कारण हुआ, शायद मुख्यमंत्री अंग्रेजी अखबार नहीं पढ़ते होंगे।

# प्रदेश में जंगलराज, मारकर टांगी जा रहीं बेटियां: अजय राय

**सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता किशोरियों की आत्महत्या के बाद एक के पिता के आत्महत्या के मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पीड़ित परिवार को 50-50 हजार की मदद दी। कहा कि सरकार बताए दुराचारियों के घर पर कब चलेगा बुलडोजर।**



करण वाणी, न्यूज

सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता किशोरियों की आत्महत्या के बाद एक के पिता के आत्महत्या करने के मामले में पीड़ित परिवार से मिलने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शनिवार को हमीरपुर पहुंचे। जहां उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला, कहा कि प्रदेश में अन्याय अत्याचार के साथ जंगल राज व्याप्त है। जिसके चलते बेटियां कहां बच रहीं उन्हें मारकर टांगा जा रहा है। कहाकि सरकार बताए आरोपियों के घरों पर कब बुलडोजर चलेगा? साथ ही उन्होंने दोनों बेटियों के परिवारों से मिलकर पचास-पचास हजार की मदद की। कहा कि प्रशासन ने जो मदद की है वह नाकाफी है। सरकार एक करोड़ की मदद करे और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दे। कानपुर-सागर हाईवे जाम के चलते घटना स्थल पर वह देर शाम पहुंचे।

मौदहा क्षेत्र के एक गांव निवासी सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता दो चचेरी बहनों के आत्महत्या करने व एक के पिता द्वारा आत्महत्या करने के मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पीड़ित परिवार से मिलने जनपद पहुंचे। करीब पांच बजे उनके जनपद आगमन पर कांग्रेसियों ने उनका यमुना पुल पर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने शहर के कांग्रेसी नेता जगदीश नारायण शर्मा के भाई के निधन को लेकर उनके घर पहुंचकर श्रद्धांजलि और परिवार को सांत्वना दी। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि दो बच्चियों के बाद पिता की मौत हो जाना दुखद है। पीएम मोदी के क्षेत्र में भाजपा आईटी सेल के तीन नेताओं ने एक छात्रा के साथ बलात्कार किया। मामूली कार्रवाई कर जेल भेज दिया। इसी तरह हमीरपुर की बेटियों के साथ हुई घटना में सिर्फ आरोपियों को जेल भेज दिया। सरकार बताए आरोपियों के घर पर कब बुलडोजर चलेगा। उन्होंने सीओ मौदहा श्रीयश त्रिपाठी से मिलकर कठोर कार्रवाई की बात कही।

# यूपी में 13 हजार मदरसे बंद करने की एसआईटी ने की सिफारिश

▶▶ यूपी में 13 हजार मदरसे बंद करने की एसआईटी ने सिफारिश की है, जिसे लेकर प्रदेश की सियासत गरम हो गई है.

▶▶ यूपी में अवैध मदरसे बंद करने की सिफारिश पर अखिलेश यादव बोले- 'पूरे देश की दुश्मन हैं, उनके हिसाब से...




**करण वाणी, न्यूज**

उत्तर प्रदेश में रक्ळ ने करीब 13 हजार मदरसों को बंद करने की सिफारिश की है जिसे लेकर प्रदेश की सियासत एक बार फिर से गरम हो गई है. सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे लेकर बीजेपी पर हमला किया और कहा कि भाजपा सरकार केवल मदरसे ही नहीं संस्कृत विद्यालय भी बंद करवाने वाली है.

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रयागराज पहुंचे थे, जहां उन्होंने पत्रकारों से बात की. इस दौरान जब उनसे यूपी में मदरसों को बंद करने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ एक समाज नहीं बल्कि पूरे देश की दुश्मन है.

सपा अध्यक्ष ने कहा, "हमारे उत्तर प्रदेश और देश में आजादी थी कि संस्कृत पढ़ाई जाए. मदरसों में पढ़ाई उनके हिसाब से की जाए जो मदरसा बोर्ड है. जिन परिस्थितियों में संस्कृत बोर्ड बना होगा. संस्कृत विद्यालय बने होंगे, ये सिर्फ मदरसे बंद कर नहीं कर रहे. ये संस्कृत के विद्यालय भी बंद कर रहे हैं."

अखिलेश यादव ने कहा, "जो सुविधाएं नेता जी (मुलायम सिंह) ने.. समाजवादियों ने संस्कृत के शिक्षकों, गुरुओं के लिए या संस्कृत की संस्थाओं के लिए दिया था उसको भी छीन रहे हैं." बीजेपी सिर्फ एक समाज की दुश्मन नहीं हैं बल्कि ये पूरे देश की दुश्मन है.


दरअसल हाल ही में अवैध मदरसों को लेकर बनी एसआईटी अपनी रिपोर्ट योगी आदित्यनाथ सरकार को सौंप दी है. खबरों के मुताबिक इस रिपोर्ट में करीब 13 हजार अवैध मदरसों को बंद करने की सिफारिश की गई है.

एसआईटी जांच के बाद जिन मदरसों को बंद करने की सिफारिश की गई है उनमें अधिकतर वो मदरसे हैं जो भारत-नेपाल की सीमा पर हैं. और इन ज्यादातर मदरसों का निर्माण पिछले 20 वर्षों में खाड़ी देशों से मिले फंड के जरिए किया गया है. ये मदरसे अपनी आय और व्यय का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए हैं।

# धनंजय सिंह को सजा मिलने के बाद पत्नी श्रीकला ने की समर्थकों से भावुक अपील

बाहुबली नेता धनंजय सिंह को कोर्ट से सात साल की सजा मिली है, जिसके बाद उनकी पत्नी ने समर्थकों से भावुक अपील की है।





**करण वाणी, न्यूज**

अपहरण और रंगदारी मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह को कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई है. जिसके बाद उनके समर्थकों में काफी रोष देखने को मिल रहा है. जिसे लेकर धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी ने उनके समर्थकों से संयम और धैर्य बनाए रखने की अपील की है.

धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला ने एक्स पर लिखा, 'आप सभी से एक अपील...हम आपकी भावनाओं की कद्र करते हैं लेकिन, फैसला न्यायपालिका ने दिया है जिसका हमें सम्मान करना? चाहिए व साथ ही साथ अपने नेता श्री धनंजय जी का अनुसरण करते हुए किसी भी नेता अथवा दल के बारे में आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे आपके नेता के व्यक्तित्व पर दुष्प्रभाव पड़ेगा.'

**सात साल की सजा और दो लाख रुपये का जुमार्ना**

उन्होंने आगे लिखा,' आपके नेता ने बड़ी सूचिता की राजनीति की है, कभी किसी भी दल अथवा नेता के लिए गलत शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया, कृपया आप भी संयम बनाएं, धैर्य से काम लें. आपके नेता को आपके सहानुभूति की जरूरत है. उम्मीद करती हूं कि आप मेरी बातों पर अमल करेंगे.

दरअसल जौनपुर की अदालत ने बुधवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह को नमामि गंगे प्रोजेक्ट के मैनेजर के अपहरण और धमकी देने के मामले में सात साल की सजा और दो लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है. सजा सुनाने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया.

धनंजय सिंह पूर्वांचल के बड़े नेताओं में आते हैं. वो कई बार यहाँ से विधायक रह चुके हैं और साल 2004 में सांसद भी रह चुके हैं. धनंजय सिंह के 2024 में लोकसभा चुनाव लड़ने की खबरें थी लेकिन, कोर्ट से सजा मिलने के बाद अब वो ऐसा नहीं कर पाएंगे. हालांकि, वो इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देने की तैयारी भी कर रहे हैं.

एक चर्चा ये भी है कि धनंजय सिंह अगर चुनाव नहीं लड़ पाते हैं तो वो अपनी पत्नी श्रीकला रेड्डी को मैदान में उतार सकते हैं. श्रीकला रेड्डी भी राजनीति में सक्रिय हैं. मौजूदा समय में वो जौनपुर की जिला पंचायत सदस्य हैं।

# मिस चेक रिपब्लिक क्रिस्टीना पिजकोवा बनीं मिस वर्ल्ड

# हीरों से जड़ा ताज, 10 करोड़ रुपये

## कैश और फ्री में दुनिया घूमने का मौका

**मिस वर्ल्ड 2023 का खिताब मिस चेक रिपब्लिक क्रिस्टीना पिजकोवा ने जीता। वहीं, मिस लेबनान यास्मीनाजेतून फर्स्ट रनर अप रहीं। भारत की सिनी शेट्टी टॉप 8 तक पहुंची थीं।**



मिस वर्ल्ड क्रिस्टीना पिजकोवा

**करण वाणी, न्यूज**

मिस वर्ल्ड 2024 का शनिवार को देर रात मुंबई के जियो सेंटर में भव्य आयोजन किया गया. मिस वर्ल्ड ब्यूटी पेजेंट 2024 की विजेता 25 साल की चेक गणराज्य की कंटेस्टेंट 'क्रिस्टीना पिस्जकोवा' रहीं. भारत का प्रतिनिधित्य कर रहीं सिनी शेट्टी को इस प्रतियोगिता में 8वां स्थान प्राप्त हुआ।



भारत की सिनी शेट्टी

**मुंबई।** शनिवार यानी 9 मार्च को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेशन सेंटर में मिस वर्ल्ड के 71वें ब्यूटी पेजेंट का समापन हो गया. यहां देर रात तक चले इस ब्यूटी पेजेंट में चेक रिपब्लिक की क्रिस्टीना पिस्जकोवा ने मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया.

साल 2023 की मिस वर्ल्ड रहीं पोलेंड की ह्यकैरोलिना बियालवास्का ने क्रिस्टीना को क्राउन पहनाकर विजेता घोषित किया. साल 1951 में ह्यएरिक मोर्ले द्वारा शुरू किया गया ये दुनिया के सबसे पुराने ब्यूटी कॉन्टेस्ट में से 1 है. हर साल दुनियाभर की मॉडल्स इस ब्यूटी पेजेंट में भाग लेती हैं. इस साल मिस वर्ल्ड का ये 71वां साल रहा जो भारत में आयोजित किया गया. भारत से 2022 की मिस फैमिना रहीं ह्यसिनी शेट्टी ने देश का प्रतिनिधित्व किया.

**सिनी शेट्टी को मिला 8वां स्थान**

इस कॉन्टेस्ट में सिनी शेट्टी को 8वां स्थान मिला. क्रिस्टीना ने इस अवॉर्ड को जीतकर करोड़ों रुपयों की लॉट्री भी अपने नाम की. इस अवॉर्ड को जीतते ही कंटेस्टेंट की किस्मत खुल जाती है. हीरों से जड़ा ताज, 10 करोड़ रुपयों की प्राइज मनी और फ्री में दुनिया घूमने का भी मौका मिलता है. इस प्रतियोगिता में हर साल दुनियाभर के 100 देशों से मॉडल्स इस कॉम्पटीशन में हिस्सा लेती हैं. इस प्रतियोगिता में विजेता को दुनियाभर में चल रहे चेरिटी ईवेंट का एंबेसडर बनाया जाता है. ये चैरिटी ट्रस्ट दुनिया भर में पिछड़े लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने का काम करते हैं. इन सभी कार्यक्रमों में मिस वर्ल्ड को मुख्य तौर पर आगे रखा जाता है.

**2024 की विजेता हैं लॉ स्टूडेंट**

2024 की मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली क्रिस्टीना पिस्जकोवा, चेक गणराज्य की रहने वाली हैं. 25 साल की क्रिस्टीना लॉ की पढ़ाई कर रही हैं. इसके साथ ही कई चैरिटी के ट्रस्ट भी चलाती हैं. 19 जनवरी 1999 को जन्मी क्रिस्टीना पिस्जकोवा अपने नाम से ही एक फाउंडेशन भी चलाती हैं. ये फाउंडेशन साउथ अफ्रीका के देश तंजानिया में बच्चों की पढ़ाई कराता है।

यहां क्रिस्टीना का स्कूल भी है, जिसमें क्रिस्टीना भी बच्चों को पढ़ाती हैं. भारत में आयोजित हुए मिस वर्ल्ड कार्यक्रम में 112 देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था. भारत भी 6 बार यह प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर चुका है. जिसमें रीता फारिया (1966), ऐश्वर्या राय (1994), डायना हेडन (1997), युक्ता मुखी (1999), प्रियंका चोपड़ा (2000), और मानुषी छिल्लर (2017) शामिल हैं।

# बिहार की शाही लीची का बढ़ा दायरा, राज्यों में बढ़ी मांग

**मुजफ्फरपुर के शाही लीची के पौधे अब दक्षिण और पश्चिम भारत में भी लहलहाएंगे. तमिलनाडु और महाराष्ट्र के किसानों की भी बड़ी तादाद में डिमांड की जा रही है. इसी को देखते हुए राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र द्वारा परिसर में लीची बैंक की स्थापना की गई है।**



**करण वाणी, न्यूज**

बिहार के मुजफ्फरपुर की मशहूर शाही लीची की खेती अब दक्षिण और पश्चिम भारत में भी लहलहाएगी.शाही लीची के पौधे की डिमांड तमिलनाडु और महाराष्ट्र में हो रही है. इन राज्यों में शाही लीची का दायरा बढ़ाने को लेकर राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र पहल कर रहा है.इसके लिए परिसर में लीची बैंक की स्थापना की गई है.इस बैंक में 37 हजार पौधे तैयार किए जा रहे हैं. इन पौधों को अलग-अलग राज्यों में जहां से मांग आ रही है वहा किसानों के बीच भेजा जा रहा है.

**लीची बैंक की होगी स्थापना**

लीची अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ.विकास दास ने बताया कि परिसर के पौधशाला की क्षमता 50 हजार पौधे की है. अभी यहां 37 हजार नए पौधे तैयार किए जा रहे हैं. इसकी विधिवत देखभाल भी की जा रही है. इसके लिए एक वैज्ञानिक को पौधशाला देखने की जिम्मेदारी दी गई है. इस पौधशाला में शाही और चाइना के साथ-साथ लीची अनुसंधान केंद्र की ओर से विकसित तीन प्रजातियां गंडकी योगिता, गंडकी लालिमा और गंडकी संपदा भी हैं.

**इन राज्यों में हो रही लीची की डिमांड**

तमिलनाडु और महाराष्ट्र से 1000 , छत्तीसगढ़ और अरुणाचल प्रदेश से सात हजार और सिक्किम से 40 हजार शाही लीची के पौधे का ऑर्डर आया है. साथ ही झारखंड के गुमला से भी पौधे का आर्डर मिला है. किसानों के साथ कृषि विकास केंद्र की ओर से भी लीची के पौधे की डिमांड आई है. उनको समय से आपूर्ति की जा रही है. इस तरह अब शाही लीची का दायरा बढ़ेगा.

डॉ. विकास दास ने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि शाही लीची का निर्यात नेटवर्क मजबूत करना है. देश से बाहर जब लीची का निर्यात होगा,तो किसानों की अच्छी कमाई होगी. इसके लिए कृषि विभाग,राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड और अन्य संस्थाओं से संपर्क किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि जहां से किसान की मांग आ रही है, वहां पौधे भेजे जा रहे हैं. इसके अलावा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लीची से जुड़े उत्पादों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है.

# किसान घर बैठे ही ऑपरेट कर सकेंगे ट्यूबवेल



**करण वाणी, न्यूज**

गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स बेस्ट सॉफ्ट स्टार्टर तैयार किए हैं. छात्र अंशुल शुभम, सक्षम जतिन ने मिलकर एक मॉडल तैयार किया है, जिसमें घर बैठे कितनी ही दूर रखे मशीन को अपने मोबाइल से ऑपरेट किया जा सकता है.

हरियाणा के हिसार में अब किसान घर बैठे ही अपने मोबाइल फोन से ट्यूबवेल को ऑपरेट कर सकेंगे. इतना ही नहीं, किसान इस चीज का भी पता लग सकते हैं कि खेत में कब पानी जरूरत है, कहां सूर्य की सबसे ज्यादा किरणों की जरूरत है. केवल ट्यूबवेल ही नहीं, लोग फैक्ट्री में लगे मोटर को भी घर बैठे मोबाइल से ऑपरेट कर सकेंगे. ऐसा मुमकिन हो पाएगा एक खास यंत्र से जिसे गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. सुमित ने तैयार किया है.

**क्या है सौर विकिरण पूवार्नुमान यंत्र?**

हिसार के गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. सुमित सरोहा ने सौर विकिरण पूवार्नुमान यंत्र तैयार किया है, जो पेंटेट करवाया गया है. इसकी मदद से किसान सौर विकिरण पूवार्नुमान लगा सकेंगे.डॉ. सुमित ने सोलर इरीडिस फोरकास्टिंग यंत्र तैयार करने के बाद इस यंत्र को पेटेंट करवाया है. उन्होंने बताया कि यह यंत्र बताएगा कि किस क्षेत्र में सूर्य की ज्यादा किरण आ रही है. इसका इस्तेमाल करके सोलर एनर्जी प्लांट्स के लिए एरिया डिसाइड किया जा सकता है. यंत्र के माध्यम से किसान सूर्य की किरणों की अत्यधिकता के अनुसार सिंचाई कब करनी है, यह आसानी से पता लगा सकते हैं.

**घर बैठे कैसे ऑपरेट होगा ट्यूबवेल?**

इसी के साथ यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स बेस्ट सॉफ्ट स्टार्टर तैयार किए हैं. छात्र अंशुल शुभम, सक्षम जतिन ने मिलकर एक मॉडल तैयार किया है, जिसमें घर बैठे कितनी ही दूर रखे मशीन को अपने मोबाइल से ऑपरेट किया जा सकता है. साथ ही मोटर में किसी तरह का फॉल्ट आने पर आपको मैसेज भी मिलेगा. इससे आप समझ जाएंगे कि इस मशीन में कोई खराबी आ गई है.

छात्रों ने तैयार की स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक

इसके अलावा डॉ. सुमित सरोहा ने ऑटोमेटिक स्टार्टर एंड रिवर्सल इंडक्शन मोटर भी तैयार की है. साथ ही जीजेयू के छात्रों ने स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक भी तैयार की है. इस स्टिक में सेंसर लगाया है, जो पचहत्तर सेंटीमीटर की दूरी पर आपके सामने आने वाली वस्तु को डिटेक्ट कर आपको आगाह कर देगा. ये स्टिक तैयार करने वाली छात्रा जिज्ञासा के अनुसार इसमें माइक्रोकंट्रोलर कोडिंग की गई है. साथ ही अल्ट्रासोनिक सेंसर लगाया गया है. वहीं इस छड़ी यानी स्टिक में अलार्म लगा है जो वस्तु के सामने आने पर बीप में आवाज करेगा।

# चुनाव आयुक्त अरुण गोयल का लोकसभा चुनाव से पहले इस्तीफा, 2027 तक था कार्यकाल

**चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने इस्तीफा दे दिया है। शनिवार 9 मार्च को जारी गजट नोटिफिकेशन में इसके बारे में जानकारी दी गई। गोयल का इस्तीफा उस वक्त आया है, जब कुछ दिनों में लोकसभा चुनाव का ऐलान होने वाला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।**




करण वाणी, न्यूज

अरुण गोयल मुख्य चुनाव आयुक्त बनने की कतार में थे, क्योंकि मौजूदा उएउ राजीव कुमार फरवरी 2025 में रिटायर होने वाले हैं। गोयल ने 21 नवंबर 2022 में चुनाव आयुक्त का पद संभाला था। उनका कार्यकाल 5 दिसंबर 2027 तक था।

चुनाव आयोग के सूत्रों के मुताबिक, गोयल और उएउ राजीव कुमार के बीच फाइल पर मतभेद हैं। हालांकि, गोयल ने इस्तीफे के लिए निजी कारणों का हवाला दिया है। केंद्र ने उन्हें पद छोड़ने से रोकने की कोशिश की थी। गोयल की सेहत भी ठीक है। इसलिए खराब स्वास्थ्य के कारण इस्तीफे की अटकलों को खारिज किया गया है।

अरुण गोयल के इस्तीफे के बाद तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में केवल उएउ राजीव कुमार ही रह गए हैं। इससे पहले अनूप पांडे 15 फरवरी को चुनाव आयुक्त पद से रिटायर हुए थे। पांडे के रिटायरमेंट के बाद से चुनाव आयोग में एक पद खाली था।

गोयल 1985 बैच के पंजाब कैडर के रिटायर्ड IAS अधिकारी हैं। उन्होंने 18 नवंबर 2022 को सचिव (भारी उद्योग) पद से वीआरएस लिया था। इसके एक दिन बाद वे चुनाव आयुक्त बनाए गए थे। गोयल हाल में चुनावी तैयारियों का जायजा लेने के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा कर रहे थे। हालांकि, स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर दौरा बीच में छोड़ दिया था।

**गोयल के इस्तीफे पर क्या बोला विपक्ष**

मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्षः इलेक्शन कमीशन या इलेक्शन ओमिशन। लोकसभा चुनाव से पहले ऐसा क्यों? हमने स्वतंत्र संस्थाओं का खत्म किया जाना नहीं रोका तो लोकतंत्र पर तानाशाही कब्जा कर लेगी।

के सी वेणुगोपाल, कांग्रेस नेताः एउक जैसी संवैधानिक संस्था में बिल्कुल भी पारदर्शिता नहीं है। केंद्र सरकार उन पर दबाव डालती है। 2019 में चुनावों के दौरान, तत्कालीन आयुक्त अशोक लवासा ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले में पीएम मोदी को क्लीन चिट देने पर असहमति जताई थी। बाद में उन्हें लगातार पूछताछ का सामना करना पड़ा।

कपिल सिब्बल, राज्यसभा सांसदः मैं गोयल के इस्तीफे के कारण का अनुमान तो नहीं लगा सकता, लेकिन जाहिर तौर पर कुछ मतभेद है। वे (भाजपा) अब आयोग को अपने लोगों से भर देंगे, जैसा कि उन्होंने पहले भी किया है। अब चुनाव शेड्यूल, फेज और सभी पहलुओं को सत्तारूढ़ दल के हित के अनुरूप बनाया जाएगा।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने अरुण गोयल की चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्ति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। सुनवाई से पहले ही दो जज जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना ने हियरिंग से खुद को अलग कर लिया था।

ADR ने याचिका में कहा था कि गोयल की नियुक्ति कानून के मुताबिक सही नहीं है। साथ ही यह निर्वाचन आयोग की सांस्थानिक स्वायत्तता का भी उल्लंघन है। अऊ्रफ ने सरकार और इलेक्शन कमीशन पर खुद के फायदे के लिए अरुण गोयल की नियुक्ति करने का आरोप लगाया था। साथ ही गोयल की नियुक्ति को रद्द करने की मांग की थी।

**ऐसे होगी नए आयुक्त की नियुक्ति**

29 दिसंबर 2023 को ही उएउ और EC की नियुक्ति का कानून बदला है। इसके मुताबिक, विधि? मंत्री और दो केंद्रीय सचिवों की सर्च कमेटी 5 नाम शॉर्ट लिस्ट कर चयन समिति को देगी। प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय मंत्री और विपक्ष के नेता या सबसे बड़े विरोधी दल के नेता की तीन सदस्यीय समिति एक नाम तय करेगी। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद नियुक्ति होगी।

अशोक लवासा ने अगस्त 2020 में निर्वाचन आयुक्त पद से इस्तीफा दिया था। उन्होंने 2019 के आम चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के कई निर्णयों पर असहमति जताई थी।

# पाकिस्तान के नए राष्ट्रपति चुने गए आसिफ अली जरदारी, प्रतिद्वंदी को बड़े अंतर से दी शिकस्त

**अमेरिकी अदालत ने पिछले साल डोनाल्ड ड्रंप के चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बड़ी राहत दी है।**

करण वाणी, न्यूज

आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के 14वां राष्ट्रपति चुने गए हैं. जरदारी ने इससे पहले 2008 से 2013 तक पाकिस्तान के 11वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था. उन्होंने विपक्षी उम्मीदवार को 136 वोटों से हराया.

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी शनिवार को पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति चुने गए. ऐसा दूसरी बार है जब आसिफ अली राष्ट्रपति बने हैं. 68 वर्षीय जरदारी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के संयुक्त उम्मीदवार थे, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी 75 वर्षीय महमूद खान अचकजई सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार थे.

**136 वोटों से हराया**

संविधान के प्रावधानों के अनुसार, नए राष्ट्रपति का चुनाव नेशनल असेंबली और चार प्रांतीय विधानसभाओं के नवनिर्वाचित सदस्यों के निर्वाचक मंडल द्वारा किया गया. व्यवसायी से राजनेता बने जरदारी पाकिस्तान की दिवंगत प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के पति हैं. पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि उन्हें 255 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 119 वोट मिले. इस तरह वह 136 मतों से विजयी रहे.

जरदारी निवर्तमान डॉ. आरिफ अल्वी का स्थान लेंगे, जिनका पांच साल का कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था. हालाँकि, वह पद पर बने हुए थे क्योंकि नए निर्वाचक मंडल का गठन अभी तक नहीं हुआ था.

**दूसरी बार बनेंगे राष्ट्रपति**

2008 से 2013 तक राष्ट्रपति रहे जरदारी दूसरी बार राष्ट्रपति चुने जाने वाले पहले नेता हैं. वहीं राष्ट्रपति पद के दूसरे उम्मीदवार रहे अचकजई उनकी पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के प्रमुख हैं और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के बैनर तले से चुनाव लड़ रहे थे, जो जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों के बाद बना था.

**12 साल तक जेल में रहे आसिफ अली जरदारी**

जरदारी पर भ्रष्टाचार से लेकर अपहरण और बैंक फ्रॉड जैसे कई आरोप लगे. वह साल 1990 में पहली बार जेल गए थे. इसके बाद वह 1996 में दोबारा जेल गए. उन्होंने तकरीबन 12 साल जेल में बिताए थे. उन्हें भ्रष्टाचार और हत्या के आरोप में 1997 से 2004 तक जेल में रखा गया था.



नवंबर 2004 में जमानत मिली लेकिन हत्या के मुकदमे की सुनवाई में शामिल नहीं होने के बाद उन्हें फिर से गिरफ्तार किया गया. जरदारी को एक स्विस कंपनी से जुड़े मामले में रिश्वत लेने का दोषी भी ठहराया गया. बता दें कि जरदारी पर पाकिस्तान में ही नहीं बल्कि ब्रिटेन और स्पेन सहित कई मुल्कों में भी मुकदमे चले थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वाइंट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एंव पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक- पंकज सिंह मो- 9415067370 E-mail:-karnvaninews@gmail.com website:- www.karnvaninews.com RNI-UPHIN/2016/74800